वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref. No:..3435.. /UTU/EVEN-SEM-REG/2022-23 **Date: 07....February 2023**

महत्वपूर्ण व समयबद्ध

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य
वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः **सत्र 2022–23 में अध्ययन्नरत छात्र–छात्राओं का सम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु Online Registration एवं Attendance Monitoring System लागू किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या 3297/यू0टी0यू0/ए0सी0/2022–23 दिनांक 30 जनवरी 2022 के माध्यम से जारी संशोधित शैक्षणिक कैलेण्डर–2022–23 का संदर्भ गृहण करने का कष्ट करें जिसमें निम्नानुसार शैक्षणिक कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैः–

Description of Activities	**Dates (Day)**
Registration of students in Even Semester	13 Feb 2023 (Mon) to 14 Feb2023 (Tue)
Commencement of Classes of Even Semester	15 Feb 2023 (Wed)

उपरोक्त क्रम में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त अध्ययनरत छात्र–छात्रायें दिनांक 13 एवं 14 फरवरी 2023 को सम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु University Management System (UMS) पोर्टल पर पंजीकरण करेंगे। पंजीकरण के उपरान्त सम्बन्धित संस्थान Director Login के माध्यम से अपनी संस्था में अध्ययनरत अर्ह छात्रों के पंजीकरण को दिनांक 17 फरवरी 2023 तक Verify करेंगे।

सम सेमेस्टर 2022–23 में समुचित अध्यापन हेतु सभी पाठ्यक्रमों में Time Table पहले से घोषित करते हुए कक्षाओं का संचालन आवश्यक रूप से दिनांक 15 फरवरी 2023 से किया जायेगा। सम–सेमेस्टर की कक्षाओं के संचालन को पूर्ण पारदर्शी एवं गुणवत्तापरक बनाये जाने के उद्देश्य से UMS पोर्टल पर इस सेमेस्टर से Attendance Monitoring System का संचालन भी प्रारम्भ किया जा रहा है। समस्त संस्थान तद्नुसार छात्र–छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ को ऑनलाईन प्रक्रिया का पूर्णतया अनुपालन कराये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने तथा इस व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु वांछित कार्यवाही निम्नानुसार करने का कष्ट करें–

- Director Login के माध्यम से समस्त शिक्षकों को विषयों का आवंटन किया जाना।
- समय–सारिणी (Time Table) को ऑनलाईन फीड करना एवं पंजीकरण तिथियों से पूर्व इसे छात्रों को प्रदर्शित कराया जाना।
- समय–सारिणी (Time Table) के अनुसार कक्षाओं का संचालन किया जाना।

P.T.O

- Faculty Login के माध्यम से समय–सारिणी (Time Table) के अनुसार UMS पोर्टल पर विषयवार ऑनलाईन Class Attendance दैनिक आधार पर कक्षा समाप्ति पर दर्ज किया जाना। यहाँ सूचित करना है कि Class Attendance भरते समय मात्र अनुपस्थित छात्र–छात्राओं का विवरण ही दर्ज किया जाना है।
- Class Attendance के साथ ही सम्बन्धित Period में पढ़ाये गये Topics का Unit के अनुसार विवरण दर्ज कराना एवं आवश्यकतानुसार Notes, Presentation & Quiz आदि को छात्रों के अवलोकनार्थ अपलोड किया जाना। जिससे छात्र–छात्रायें समय–समय पर Student Login में उनका अवलोकन कर सकें।

यदि संस्थानों द्वारा उपरोक्तानुसार UMS पोर्टल पर छात्र–छात्राओं की उपस्थिति किसी भी कक्षा तिथि के 3 दिन के भीतर दर्ज नहीं की जाती है तो माना जायेगा कि सम्बन्धित संस्थान में संदर्भित कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है। साथ ही Attendance Monitoring System पर यदि किसी छात्र–छात्रा की उपस्थिति विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स के अनुसार निर्धारित उपस्थिति से कम पायी जाती है तो उस दशा में सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित किया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र–छात्रा की होगी।

अतः अपने स्तर से यह भी प्रसारित कर देवें कि समस्त छात्र–छात्रायें भी Student Login में अपनी उपस्थिति को देखते रहें ताकि उनके स्तर से समयान्तर्गत कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही यदि कक्षाओं में उपस्थित होने के उपरान्त भी Student Login में किसी छात्र–छात्रा की उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही हो तो उस स्थिति में सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को अपने विषयाध्यापक से सम्पर्क कर संस्था के प्राचार्य/निदेशक से समुचित कार्यवाही कराया जाना होगा।

आपसे अनुरोध है कि अपनी संस्था में चलाये जा रहे समस्त पाठ्यक्रमों की कक्षाओं को निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार संचालित कराते हुए UMS के माध्यम से Online Registration & Attendance Monitoring System का प्रभावी क्रियान्वयन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुल सचिव, वी0मा0सिं0भ0,यू0टी0यू0 देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,यू0टी0यू0 देहरादून।
4. वेब मास्टर, वी0मा0सिं0भ0,यू0टी0यू0 देहरादून को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त संस्थानों को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु।
5. नोडल अधिकारी यू0एम0एस0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाईल।

(डा0 वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक